



# ALIVE NEWS

अलाईव न्यूज

Any Enquiry Cont. : 0129-4070270

खबर वही, जो जिंदा रहे!

Vol. 13 Issue No. 01 Faridabad (NCR) Thursday, 01-15 Febuary 2024 Rate : 5 /- RNI No. : HARBIL/2012/45536 Postal Registration No. L-2/HR/FBD/296/24-26 Page : 8





# प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास से विपक्षी खेमे में काफी बेचैनी दिखाई दे रही है

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

प्रधानमंत्री मोदी ने गत 5 फरवरी को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण देते हुए कहा कि हमारा तीसरा कार्यकाल 1,000 सालों की नींव रखने का काम करेगा और उसमें बहुत बड़े फ़ैसले होंगे। बीती 2 फरवरी को 'इंडिया मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' के उद्घाटन के अवसर पर पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल की योजनाओं के बारे में बताया। जैसे ही पीएम मोदी ने तीसरे कार्यकाल की बात की तो लोग लगातार तालियां बजाने लगे। इसके बाद पीएम मोदी ने मुस्कुराते हुए कहा कि समझदार को इशारा ही काफी होता है।

26 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में नए इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम के उदघाटन के अवसर पर अपने भाषण में कहा कि, मेरे तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा, ये मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी के चेहरे और भाषणों में झलकता आत्मविश्वास विपक्ष की बेचैनी का बड़ा कारण है।

बीते साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर ऐलान किया कि अगले साल वे फिर लाल किले की ऐतिहासिक प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे और अपनी उपलब्धियों का ब्योरा पेश करेंगे। लेकिन यह अहंकार नहीं है। यह बिल्कुल वैसी ही बात है, जैसी बात विपक्षी पार्टियां कर रही हैं। वास्तव में यह अहंकार का नहीं, बल्कि दोनों तरफ आत्मविश्वास का मामला है। एक तरफ विपक्ष इस आत्मविश्वास से भरा है कि अगले लोकसभा चुनाव में उसकी जीत होगी तो दूसरी ओर नरेंद्र मोदी इस भरोसे में हैं कि वे तीसरी और ऐतिहासिक जीत हासिल कर पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ेंगे।

केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों में ही नहीं, बल्कि उनकी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी वर्ष में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश अंतरिम बजट से न केवल सरकार का आत्मविश्वास झलकता है कि वह अपने कार्यों के बल पर ही तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी, बल्कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के उसके संकल्प का परिचय भी मिलता है। यह एक ऐसा अंतरिम बजट है, जिसमें सरकार ने चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को रिझाने के लिए कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं की। ध्यान रहे 2019 के अंतरिम बजट में कई लोकलुभावन घोषणाएं की गई थीं। इस बार ऐसा कुछ नहीं किया गया। इसका मतलब है कि सरकार मानकर चल रही है कि जनता को उस पर भरोसा है कि वह देशहित में सही दिशा में काम कर रही है।

विकास की राजनीति का यह एक नया उदाहरण है। जब सामने लगातार तीसरी पारी की लड़ाई का मैदान सज रहा हो और यह अपेक्षा हो कि लोकलुभावन घोषणाओं का तड़का लगेगा, तब नरेन्द्र मोदी सरकार की ओर से सामाजिक न्याय व समानता के अवसर पैदा करते हुए भविष्य के विकसित भारत का संकल्प दोहराना यह स्पष्ट करता है कि केंद्र में वापसी का विश्वास लबालब है। पीएम मोदी लोकलुभावन घोषणाओं के जरिए नहीं बल्कि अपने दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड, जो कहा सो पूरा किया के नारे के साथ ही जनता से समर्थन चाहते हैं।

मोदी-2 की सरकार ने आते ही जम्मू कश्मीर से धारा 370 की विदाई कर दी। राम मंदिर का रास्ता साफ किया और सीएए, एनआरसी जैसे कानून लेकर आई। मोदी-2 कार्यकाल की विदाई के चार महीने पहले अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। पिछले दिनों आई एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी की मार से बाहर निकले हैं। ग्रामीण स्तर पर वह सारी सुविधाएं पहुंच रही हैं जो पहले छोटे शहरों तक में उपलब्ध नहीं था।



















Modern Public School
School is Affiliated to Central Board of Secondary Education (C.B.S.E.) in New Delhi and Affiliation No is 530780
ADMISSION OPEN
2024-25
Age as on 31.03.2024
FOR NURSERY: 3Years
FOR LKG: 4 Years
For UKG: 5 Years
FOR Class I: 6 Years
For Class II : 7 Years
Yogesh Kaushik
Principal
Email- modernpublicschool37@hotmail.com
Add. : Sector 37, Faridabad, Ph.: (0129) 2272727, 2252525, 2276373, 2254112, 4136037


SHIVAJI PUBLIC
Sr. Sec. School
Permanent Recognized upto 10+2 (Arts, Comm, Science)
Shivaji Road (22 FT) Parvatiya Colony NIT Faridabad-121005
BELIEVE IN
DISCIPLINED WORK
Arun Kumar
Manager
Admission
Open
2024-25
शिवाजी पब्लिक स्कूल


'अलाईव न्यूज' के शानदार 13 साल पूरे होने की सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएं।
BLUE BIRD
SR. SEC. SCHOOL
(Affiliated to C.B.S.E. New Delhi)
An English Medium Co-Educational School
ADMISSION OPEN FOR
Classes Nursery to STD. XII
Age as on 31.03.2024
FOR NURSERY: 3Years
FOR LKG: 4 Years
For UKG: 5 Years
FOR Class I: 6 Years
For Class II : 7 Years
SCIENCE, COMMERCE &
ARTS STREAMS AVAILABLE
Admission Forms Available At School Reception
Salient Features :
Qualified & Dedicated Faculty
Excellent Board Results
Modern Equipped Chemistry, Physics, Biology & Maths Lab
A Large Enriched Library
Affordable Fee Structure
Appropriate Teacher Student Ratio
CCE Based Inter-disciplinary and Integrated Curriculum
Smart Class Available From Class 3rd Onwards
Emphasis On Overall Development
Digital Communication with Parents
Sh.Ramesh Datta
Founder & Member
Managing Committee
Smt. Suman Datta
Founder & Member
Managing Committee
Come To Learn,
Go To Serve
FCA-1464-65, S.G.M. NAGAR, FARIDABAD (HR.)
Ph. : 0129-2424339, M. : 9999078441
Visit us @ www.bbsssfbd.com Email : bluebirdsrsecschool@gmail.com


Sarvottam Public School
Spreading Excellence
SARVOTTAM
PUBLIC SCHOOL
RUN BY:- ELITE EDUCATIONAL SOCIETY REGD.
Permanent Recognised
Salient Features
Love for learing
begins here...
Shalin Kaushik
Manager
Education Partner-BYJU'S Learning Tv.
Total English Medium Partern.
Extensive Playground with sports Facility.
Ideal Student-Teacher Ratio.
CCTV Surveillance.
Overall Personality Development of Student.
Providing Practical Computer Knowledge.
Calm d Green Environment.
Overall Personality Development Sessions for Students.
Special concession for Girl Child & Meritorious Students.
Age as on 31.03.2024
FOR NURSERY: 3 Years
FOR LKG: 4 Years
For UKG: 5 Years
FOR Class I: 6 Years
For Class II : 7 Years
ADMISSION OPEN 2024-25
1536A, Nangla Enclave, Part-II
N.I.T. Faridabad, Haryana Ph.: 9313439291


# Vice President releases book "9 Incredible Years of Haryana Government: Emergence of a New and Vibrant Haryana"

**Faridabad/Alive News**

Vice President of India, Jagdeep Dhankhar today released a book titled "9 Incredible Years of Haryana Government: Emergence of a New and Vibrant Haryana" at Surajkund. The event also witnessed the presence of Haryana Governor, Bandaru Dattatreya, Chief Minister Manohar Lal and several other distinguished guests.

After releasing the book, the Vice President, in his address, described the state of Haryana as a role model for the country. He said that the work done in Haryana regarding system change and good governance, in accordance with the visionary thinking of Chief Minister Manohar lal, was not easy. Reforming the system was difficult because, while undertaking such endeavors, the first individuals to challenge you are those in your immediate surroundings.

Today, the 'Transparent-Accountable-Honest Recruitment Process' of Haryana State is a topic of discussion nationwide. He further highlighted that Haryana excels in numerous fields, including agriculture, sports, and defense services. The farmers and soldiers of Haryana have consistently strived to uphold our national pride. Describing Manohar Lal's seven principles of good governance – Shiksha, Swasthya, Suraksha, Swbhiman, Swavlamban,




Sushasan, and Sewa – as Satvik, he said that these principles are indispensable for upholding democratic values.

Dhankhar highlighted that there was a time when corruption prevailed in every aspect of government, necessitating the involvement of middlemen for any work to be accomplished. Today the culture of middlemen has been eradicated entirely. He commended the significant ecosystem that our youth are currently benefiting from, which has stregthened their confidence and propelled them to unprecedented heights based on their achievements.

During the book release ceremony, Haryana Governor Bandaru Dattatraya expressed pride in the developmental changes witnessed by the people of Haryana over the past nine years. He noted that due to this sustained development, future generations will always cherish these transformative moments.

The Governor highlighted that Haryana has now emerged as one of the leading states in the country, attributing this progress to the government's commitment to equitable development, corruption-free governance, and transparency, guided by the principle of "Haryana Ek-Haryanvi Ek." He said that Haryana's global recognition is growing steadily as it continues to innovate and progress.

Describing the book focusing on the nine remarkable years of the Haryana government as a testament to the state's track record, the Governor praised Chief Minister Manohar Lal's leadership style, hailing him as a dedicated and genuine public servant. He reiterated that the Chief Minister considers the entire state as his family and diligently fulfills his responsibilities.

Haryana Assembly Speaker Gian Chand Gupta, Union Minister of State Krishan Pal Gurjar, Transport Minister Moolchand Sharma, Urban Bodies Minister Dr. Kamal Gupta, Cooperative and Public Health Minister Dr. Banwari Lal, Women and Child Development Minister Kamlesh Dhanda, Development and Panchayat Minister Devendra Singh Babli MP Dharmbir Singh, MP Ramesh Kaushik, Rajya Sabha MP Krishan Lal Panwar, General DP Vats, Kartikeya Sharma and Chief Secretary Sanjeev Kaushal were also present on this occasion.

## Farewell Ceremony organized for students in FMS

**Faridabad/Alive News**

Farewell was organized at Faridabad Model School located in Sector-31. The outgoing batch of Class XII for the session 2023-24 was bid farewell. The students of the outgoing batch were welcomed by FMS Academic Director- Shashi Bala, Director Principal Umang Malik and teachers.

Class XI students presented wonderful dance and musical performances and enthralled the students and staff. The presentation of titles to Class XII students was enjoyed by the outgoing batch. The outgoing students recounted their school experiences in emotional and nostalgic overtones.



Abhinav Jha bagged the title of Mr. FMS and Ms. FMS. was bagged by Kritika Joshi. Director principle of FMS Umang Malik and Academic Director of FMS Shashi Bala wished all the students of Class XII good luck for their CBSE board examinations. Also during this time teachers and students of other classes should be present.

## JC Bose University organized Sankalp program

**Faridabad/Alive News**

J.C. Bose University organized a 'Sankalp' program, delving into the theme 'Real Ram Rajya'. The event featured a thought-provoking address by motivational speaker Amogh Lila Das from the International Society for Krishna Consciousness (ISKCON), with the esteemed presence of Arvindaksha Madhav Prabhu from ISKCON. The program was gracefully presided over by Registrar Dr. Meha Sharma.The 'Sankalp' program, held at the Vivekananda Auditorium of the University, was managed by the Student Club Ethiccraft under the aegis of the Student Welfare Office.



The highlight of the event was the profound discourse by Amogh Lila Prabhu, which connected with the youth through his inspiring thoughts but also motivated them to lead a purposeful life. He expounded on the significance of values, emphasizing how Shri Ram valued virtues over material possessions, contrasting this with Ravana's materialistic pursuits, culminating in the burning of Lanka. Describing the consecration of the Ram temple as a significant milestone, he elucidated the real concept of Ram Rajya, inspiring the youth to tread the path of righteousness.

He engaged with the enthusiastic audience, delving into numerous questions and drawing from his spiritual experiences. He intertwined anecdotes from the Ramayana and Bhagwat Gita, emphasizing the importance of sacrifice, dedication, mutual respect, admiration, and forgiveness in nurturing successful relationships. He illuminated the audience on strengthening relationships through love, sacrifice, mutual respect, admiration, and forgiveness. The audience resonated with his thoughts, echoing 'Hari Bol'.

The program also saw the distribution of 500 Bhagavad Gita books, with Aravindaksha Madhav Prabhu shedding light on the Bhagwat Geeta course, encouraging youth participation. A captivating classical dance performance by student Vanshika enraptured everyone. The event culminated in a spirited Mantra Rock Show, with active participation from all students. Rajat, Pradumna, and Dipanshu adeptly steered the program on behalf of the student club Ethiccraft.

# J.C. Bose University organized Faculty Development Program

**Faridabad/Alive News**

J.C. Bose University of Science & Technology week long faculty development program sponsored by All India Council for Technical Education (AICTE) on the topic "Advancing Renewable Energy Technologies for Sustainable E-Mobility". The Department of Electrical Engineering led this practical initiative by welcoming not only its own faculty members, but also faculty from various other universities.

The inaugural session was attended by eminent alumni of the University and D.Y. Vice Chancellor Prof. Honorable guests including Rakesh Mudgal were present. Patil Education Society (Deemed University) graced the occasion as the chief guest. Professor Bhim Singh of IIT Delhi graced the event as the



guest of honour, while Vice Chancellor Professor Sushil Kumar Tomar presided over the session. In this program Dean (Institute) Prof. Sandeep Grover, Dean (FET) Prof. Raj Kumar, Head of the Department of Electrical Engineering, Prof. Eminent personalities including Anju Gupta and other respected faculty members participated. The program was efficiently conducted by Dr. Rashmi Agarwal and Dr. Yogendra Arya.

The function began with the lighting of the lamp by the dignitaries, followed by a rousing rendition of the University Kulgeet. Program Coordinator Dr. Rashmi Aggarwal provided a brief description of the program, from which Prof. Anju Gupta warmly welcomed the distinguished guests and participants. Vice Chancellor Prof. Tomar shared valuable insights into renewable energy resources, emphasizing their role in advancing sustainable e-mobility.

Chief guest Professor Rakesh Mudgal emphasized on the mandatory transition from non-renewable to renewable energy sources. He highlighted the vital importance of renewable resources and how their adoption can pave the way to a cleaner and more sustainable future.

## FMSians qualified CBSE Aryabhata Ganit Challenge



**Faridabad/Alive News**

FMSian Megha Mittal, Sharvi Ahlawat and Ansh Singh brought laurels to the school by excelling in the prestigious CBSE Aryabhata Ganit Challenge 2023. The students are conferred with a Merit Certificate for securing position in Top 100 students. FMS Director Principal Umang Malik congratulated the students and appreciated the efforts of teachers and motivated them to continue their successful journey.

## Manav Sanskar School student secured second position in the competition organized at Surajkund



**Faridabad/Alive News**

Students of Manav Sanskar Public School displayed their artistic skills in Surajkund Fair. Among the participants, Gungun Kumari won the coveted second prize in the senior category for designing a meaningful poster.

In Manav Sanskar School, students are given the opportunity to practice along with bookish knowledge. This achievement is an example of that. Manav Sanskar at Surajkund Mela adds a feather to the prestige of the Public School and serves as an inspirational moment for the entire school community.

The school's Director Yogesh Sharma and the Principal Dr. Kaumudi Bhardwaj extended their congratulations to the success and stated that it reflects the school's commitment to fostering holistic development. This achievement not only makes the school proud but also inspires other students to explore and showcase their talents.

## J. C. Bose University organized "Five-day workshop"

**Faridabad/Alive News**

J. C. Bose University of Science and Technology organized a five-day workshop titled "Electronic Materials and Devices Fabrication and Characterizations (EMDFC)." The workshop aimed to provide participants with an in-depth understanding of electronic materials and devices, focusing on fabrication techniques and characterizations.

The event commenced with an inaugural session graced by Dr. R. K. Garg from TAS, Delhi as Chief Guest, Prof. Pradeep Dimri, Chairperson of the Department of Electronics Engineering. Senior faculty members including Prof. Munish Vashishth and Prof. Neelam Turk were also present on this occasion.




Prof. Pradeep Dimri extended a warm welcome to the guest and participants. In his address, Prof. Pradeep Dimri shed light on the pivotal role of semiconductor manufacturing in India, delving into its significance in our day-to-day lives. Emphasizing the need for a robust semiconductor ecosystem, Prof. Dimri highlighted the importance of fostering collaborative efforts within the university premises.

Dr. Anuj Kumar, the Program Coordinator, provided a concise yet insightful overview of the program, sharing his expertise on the fabrication and characterization of electronic devices. His expert perspective added depth to the workshop, enriching the understanding of the eager audience.

The session concluded with a vote of thanks presented by Program Coordinator Dr. Sunil Jadav and enlightened the participants. The event marked as a significant step towards advancing electronic engineering and fostering a spirit of collaboration and knowledge-sharing among participants.

# Editorial

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## संपादकीय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के 28 प्रमुख विपक्षी दलों ने इंडिया गठबंधन बनाकर एक साथ चुनाव लड़ने का संकल्प जाहिर किया था। कांग्रेस गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी है। मगर गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों की ताकत भी कम नहीं है। क्षेत्रीय दल भी अपने-अपने प्रदेशों में मजबूत स्थिति में है। इंडिया गठबंधन भाजपा के खिलाफ एक मजबूत विकल्प मिला था। लगने लगा था कि आने वाले समय में यह गठबंधन भाजपा को टक्कर दे सकता है।

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आने लगा वैसे-वैसे ही क्षेत्रीय दलों के नेताओं ने कांग्रेस से सीटों का बंटवारा करने की बात करने लगे। मगर कांग्रेस पार्टी पहले कर्नाटक व हिमाचल विधानसभा चुनाव में व्यस्तता की बात कहती रही। फिर राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना विधानसभा चुनाव के बहाने बात को टाल दिया। कांग्रेस के चलते इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में आपसी सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया। हालांकि कांग्रेस पार्टी तेलंगाना को छोड़कर बाकी तीनों प्रदेशों में चुनाव हार गई। उसके बाद भी कांग्रेस ने सीटों के बंटवारे को लेकर बात आगे नहीं बढ़ायी।

इसी के चलते पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेश में अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। ममता बनर्जी वहां कांग्रेस को मौजूदा दो सीट बहरामपुर व दक्षिण मालदा ही देना चाहती है। जबकि कांग्रेस वहां 10 सीटों पर दावा कर रही है। ममता बनर्जी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस बहुत कमजोर है। ऐसे में उनकी पार्टी ही भाजपा को हरा सकती। इसलिए वह कांग्रेस को दो से अधिक सीट नहीं देगी। इसके अलावा ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों के साथ किसी तरह का सीट बंटवारा या समझौता भी नहीं करना चाहती है। ममता बनर्जी की एक तरफा घोषणा से इंडिया गठबंधन कमजोर पड़ा है। वहां कांग्रेस व वामपंथी दल बिना ममता बनर्जी के प्रभाव नहीं दिखा पाएंगे।

सीटों पर तालमेल नहीं होने के चलते ही इंडिया गठबंधन के शिल्पकार व प्रमुख स्तंभ रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में पुनः भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली है। नीतीश कुमार का इंडिया गठबंधन को छोड़कर एनडीए में शामिल होना इंडिया गठबंधन के लिए शुभ संकेत नहीं है। नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन छोड़ने के बाद राष्ट्रीय जनता दल के बजाय कांग्रेस पर अधिक निशाना साधा है। नीतीश कुमार का कहना है कि कांग्रेस के नेता मनमाने ढंग से गठबंधन को चलाना चाहते हैं। जिसके चलते उन्होने गठबंधन छोड़कर भाजपा के साथ जाने में ही जदयू की भलाई समझी।

बिहार भाजपा के लिए सबसे कमजोर कड़ी साबित हो रहा था। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा ने वहां 17 सीटे जीती थी। मगर वर्तमान में भाजपा सबसे कमजोर स्थिति भी बिहार में ही नजर आ रही थी। मगर नीतीश कुमार के पुनः भाजपा से जुड़ने के चलते बिहार में एक बार फिर भाजपा के मजबूत होने की संभावना लगने लगी है। इंडिया गठबंधन का संयोजक नहीं बनाना भी नीतीश कुमार के जाने का एक बड़ा कारण रहा है।

नीतीश कुमार चाहते थे कि उन्हें इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाया जाए। मगर कांग्रेस ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को इंडिया गठबंधन का अध्यक्ष नियुक्त करवा दिया था। जिससे नीतीश कुमार मन ही मन खुन्नस खाए हुए थे। नीतीश कुमार चाहते थे कि इंडिया गठबंधन का संयोजक बनने से वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार हो जाएंगे। मगर कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। जिसके चलते उन्हें लगने लगा कि कांग्रेस अपने ही नेताओं को प्रधानमंत्री का दावेदार बनाने जा रही है। इसलिए उन्होंने भाजपा से हाथ मिलाना ही बेहतर समझा।

उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के लिए ग्यारह सीट व राष्ट्रीय लोकदल के लिये सात सीट छोड़कर बाकी 62 सीटों पर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को चुनाव लड़वाने की घोषणा कर दी है। जबकि कांग्रेस वहां 20 सीटों पर दावेदारी जता रही है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पास अभी एक मात्र रायबरेली की सीट है। जहां से सोनिया गांधी सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को वहां मात्र 6.31 प्रतिशत ही वोट मिले थे। उत्तर प्रदेश में पिछले लोकसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने के चलते कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत कमजोर रहा था। वहां पिछले विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस को 2.33 पतिशत ही वोट मिल पाये थे। कांग्रेस वहां अकेले ही चुनाव लड़ेगी तो स्थिति बहुत कमजोर रहेगी।

राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, असम, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गोवा में कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ना चाहती है। जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दलों के नेता चाहते हैं कि कांग्रेस अपने प्रभाव वाले प्रदेशों में भी साथी दलों के लिए कुछ सीटें छोड़े। जिससे उनके प्रत्याशी वहां चुनाव लड़ सकें। दिल्ली, पंजाब, गुजरात, गोवा में आम आदमी पार्टी का प्रभाव है। जिसके चलते आम आदमी पार्टी चाहती है कि गोवा व गुजरात में कांग्रेस उनके लिए कुछ सीट छोड़ें। बदले में दिल्ली व पंजाब में आम आदमी पार्टी कांग्रेस को कुछ सीट दे सकती है। मगर कांग्रेस चाहती है कि पंजाब में अधिक सीटों पर वह लड़े। इसी के चलते पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब की सभी 13 सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। बिहार में कांग्रेस को राष्ट्रीय जनता दल, भाकपा माले, भाकपा, माकपा के साथ ही अन्य दलों के साथ समझौता करना पड़ेगा। इसी तरह झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा व राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में उतरेंगे। महाराष्ट्र में शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार आज भी चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। बाबा साहेब आंबेडकर के पोते प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी भी महाविकास अघाड़ी में शामिल हो गयी है। महाराष्ट्र में कांग्रेस को अघाड़ी में शामिल दलों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सीटों के बंटवारे की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

विपक्ष में सबसे बड़ा दल होने के चलते कांग्रेस की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है कि वह अपने साथ इंडिया गठबंधन में शामिल सभी छोटे-बड़े दलों को जोड़कर उनकी भावनाओं को समझे और उन्हें सम्मानजनक स्थिति प्रदान करें। ममता बनर्जी, भगवंत मान, अखिलेश यादव की सीट बंटवारे पर एकतरफा घोषणा करने व नीतीश कुमार के एनडीए के साथ जाने से इंडिया गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है। ऐसे में कांग्रेस नेताओं को इस बात पर चिंतन मनन करना चाहिए कि ऐसी परिस्थितियों क्यों बन रही है जिसके कारण नीतीश कुमार जैसे मजबूत नेता को इंडिया गठबंधन छोड़ना पड़ा। भविष्य में ऐसी स्थिति फिर से ना बने जिससे उनके किसी अन्य सहयोगी को भी गठबंधन से अलग होना पड़े। इस बात की पूरी जिम्मेवारी कांग्रेस पार्टी को लेनी होगी। बहरहाल तो नीतीश कुमार के जाने से इंडिया गठबंधन में टूट का जो सिलसिला शुरू हुआ है। उसका नतीजा क्या होगा यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

*-रमेश सर्राफ धमोरा*

*(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)*

## कार्टून कोना




# केंद्रीय बजट 2024–25 : जलवायु कार्रवाई के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता साफ़

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज अंतरिम बजट पेश किया, जिसमें ऐसे व्यापक उपायों का उल्लेख किया गया जो ग्रीन एनेर्जी, पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु कार्रवाई के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बजट ऊर्जा क्षेत्र पर रणनीतिक ध्यान केंद्रित करता है, जो एक अधिक टिकाऊ और पर्यावरण के प्रति जागरूक भविष्य की दिशा में सरकार के निर्णायक कदम का संकेत देता है।



तिलक राज शर्मा
संपादक

**क्लाइमेट ट्रेंड्स की निदेशक आरती खोसला, बजट की नेट-ज़ीरो ग्रीन इकॉनमी के लिए मजबूत इरादों की सराहना करती हैं। वह कहती हैं, 'वित्त मंत्री का अंतरिम बजट भाषण न सिर्फ नेट ज़ीरो ग्रीन इकॉनमी के निर्माण के लिए सरकार के मजबूत इरादे का संकेत देता है, बल्कि आगामी बजट से क्या उम्मीद की जाए, उसकी एक साफ तस्वीर दिखाता है।' क्लाइमेट ट्रेंड्स के ईवी उद्योग पर नज़र रखने वाले विशेषज्ञ अर्चित फुरसुले ने चार्जिंग स्टेशनों को बढ़ाने पर बजट के फोकस की सराहना की।**

### सौर पर गौर

एक अभूतपूर्व कदम में, सरकार ने रूफटॉप सोलराइजेशन के माध्यम से 10 मिलियन परिवारों को मासिक रूप से 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके सशक्त बनाने की योजना बनाई है। वित्त मंत्री सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्रतिष्ठा के प्रधानमंत्री के संकल्प से प्रेरित इस पहल से परिवारों को सालाना?15,000-18,000 तक की बचत होने की उम्मीद है। अधिशेष बिजली वितरण कंपनियों को भी बेची जा सकती है, जिससे उपभोक्ताओं और व्यापक ऊर्जा ग्रिड के लिए दोहरा लाभ होगा।

### 'नेट ज़ीरो' भविष्य के लिए ग्रीन एनेर्जी

साल 2070 तक 'नेट ज़ीरो' का लक्ष्य प्राप्त करने की सरकार की प्रतिबद्धता इस बजट के ग्रीन एनेर्जी उपायों के केंद्र में है। एक गीगावाट की प्रारंभिक क्षमता के लक्ष्य के साथ, वायाबिलिटी गैप फंडिंग ओफ़्फ़शोर विंड एनेर्जी या अपतटीय पवन ऊर्जा क्षमता की स्थापना में मदद करेगी। इसके साथ साल 2030 तक 100 मिलियन टन की कोयला गैसीकरण और द्रवीकरण क्षमता की स्थापना का लक्ष्य प्राकृतिक गैस, मेथनॉल और अमोनिया के आयात की ज़रूरत को कम करेगा। परिवहन के लिए कम्प्रेस्ड नैचुरल गैस और घरेलू उद्देश्यों के लिए पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) के अनिवार्य मिश्रण को चरणबद्ध किया जाना है। बायोमास एकत्रीकरण मशीनरी के लिए वित्तीय सहायता सरकार की ऊर्जा विविधता के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर देती है।

### दौड़ेंगे इलेक्ट्रिक व्हीकिल्स

एमिशन को कम करने में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए, सरकार ईवी पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तार और मजबूत करने के लिए तैयार है। सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क के लिए ई-बसों को अधिक से अधिक अपनाने को प्रोत्साहित करने के साथ साथ सरकार विनिर्माण और चार्जिंग के बुनियादी ढांचे के लिए समर्थन भी दे रही है। मार्च 2023 तक देश में 6,586 चार्जिंग स्टेशन थे। यह कदम सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की कमी को दूर करते हुए सरकार की दूरंदेशी रणनीति दिखाता है।

### विशेषज्ञों की राय

विशेषज्ञ सरकार के रणनीतिक दृष्टिकोण की सराहना करते हैं। मर्कडोस एनर्जी मार्केट्स इंडिया के पार्टनर मोहित गोयल बजट के हाइब्रिड दृष्टिकोण की सराहना करते हैं। 'बजट विविध ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ाने पर केंद्रित है, जिसमें जीवाश्म ईंधन और स्वच्छ ऊर्जा दोनों शामिल हैं। यह बायोमास के लिए सहायक उपायों के साथ-साथ अपतटीय पवन और कोयला गैसीकरण के लिए वायाबिलिटी गैप फंडिंग की बात भी करता है। एक संतुलन बनाते हुए, सरकार उपभोग पक्ष के लिए क्लीन एनेर्जी को अपनाने को प्राथमिकता देती दिखती है। यह प्रतिबद्धता रूफ टॉप सोलर स्थापित करने और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहन के माध्यम से स्पष्ट है। बीते दशक में भारत ने फोस्सिल फ्यूल से क्लीन एनेर्जी का रुख करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।'

क्लाइमेट ट्रेंड्स की निदेशक आरती खोसला, बजट की नेट-ज़ीरो ग्रीन इकॉनमी के लिए मजबूत इरादों की सराहना करती हैं। वह कहती हैं, 'वित्त मंत्री का अंतरिम बजट भाषण न सिर्फ नेट ज़ीरो ग्रीन इकॉनमी के निर्माण के लिए सरकार के मजबूत इरादे का संकेत देता है, बल्कि आगामी बजट से क्या उम्मीद की जाए, उसकी एक साफ तस्वीर दिखाता है।' क्लाइमेट ट्रेंड्स के ईवी उद्योग पर नज़र रखने वाले विशेषज्ञ अर्चित फुरसुले ने चार्जिंग स्टेशनों को बढ़ाने पर बजट के फोकस की सराहना की। वो मानते हियन कि यह भारत के ईवी परिदृश्य को नया आकार देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनका कहना है, 'उद्देश्य चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ा कर एक समर्पित निवेश के साथ इलेक्ट्रिक वाहन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना और महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना है। यह भारत के ईवी परिदृश्य को नया आकार देने, गाड़ी की रेंज की चिंता को दूर करने और भविष्य के लिए व्यावहारिक और टिकाऊ परिवहन समाधान के रूप में इलेक्ट्रिक वाहनों की पैरवी करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम दिखता है।

बॉम्बे चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के डॉ. विनोद चोपड़ा, विभिन्न क्षेत्रों पर बजट के सकारात्मक प्रभाव को स्वीकार करते हैं, निर्यात और व्यापार करने में आसानी के लिए मजबूत नीतियों की आवश्यकता पर जोर देते हैं। 'सरकार ने वास्तव में पिछले 10 वर्षों में इस दिशा में एक अभूतपूर्व प्रदर्शन का प्रदर्शन किया है। कुल मिलाकर यह एक यथार्थवादी, समेकित और टिकाऊ अंतरिम बजट है।'

### चलते चलते

जैसे-जैसे भारत एक अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर बढ़ रहा है, यह अंतरिम बजट पर्यावरण के प्रति जागरूक विकास के लिए एक मजबूत आधार स्थापित करता है। एक संतुलित और पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा भविष्य की तत्काल आवश्यकता को पहचानते हुए, बजट न केवल वर्तमान चुनौतियों से निपटता है, बल्कि भारत को जलवायु कार्रवाई में एक वैश्विक नेता के रूप में भी स्थापित करता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं अलाइव न्यूज के मुख्य संपादक है।)**

# एआई सोशल मीडिया पर किशोरों को सुरक्षा और गोपनीयता प्रदान करने में कितनी मदद कर सकता है?

सोशल मीडिया पर किशोरों के लिए जोखिमों की व्यापकता अच्छी तरह से स्थापित है। ये जोखिम उत्पीड़न और धमकाने से लेकर खराब मानसिक स्वास्थ्य और यौन शोषण तक हैं। जांच से पता चला है कि मेटा जैसी कंपनियों को पता है कि उनके प्लेटफ़ॉर्म मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को बढ़ाते हैं।

**साभार**

मेटा ने नौ जनवरी 2024 को घोषणा की कि वह किशोर उपयोगकर्ताओं को इंस्टाग्राम और फेसबुक पर कंपनी द्वारा हानिकारक मानी जाने वाली सामग्री को देखने से रोककर उनकी सुरक्षा करेगा। इनमें आत्महत्या और खाने के विकारों से संबंधित सामग्री भी शामिल है। यह कदम ऐसे समय में आया है जब संघीय और राज्य सरकारों ने किशोरों के लिए सुरक्षा उपाय प्रदान करने के लिए सोशल मीडिया कंपनियों पर दबाव बढ़ा दिया है। हम जानते हैं कि कि किशोर समर्थन के लिए सोशल मीडिया पर अपने साथियों की ओर रुख करते हैं, जो उन्हें कहीं और नहीं मिल सकता है। किशोरों की सुरक्षा के प्रयास अनजाने में उनके लिए सहायता प्राप्त करना कठिन बना सकते हैं।

अमेरिकी कांग्रेस ने हाल के वर्षों में सोशल मीडिया और युवा लोगों के लिए जोखिमों के बारे में कई बार विचार किया है। मेटा, एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) टिकटॉक, स्नैप और डिस्कोर्ड के सीईओ नाबालिगों को यौन शोषण से बचाने के अपने प्रयासों के बारे में 31 जनवरी, 2024 को सीनेट न्यायपालिका समिति के समक्ष गवाही देने वाले हैं। समिति के अध्यक्ष और रैंकिंग सदस्य, क्रमशः सीनेटर डिक डर्बिन (डी-इल) और लिंडसे ग्राहम (आर-एस.सी.) ने इस सुनवाई से पहले एक बयान में कहा है कि टेक कंपनियों को ''अंततः खास तौर से बच्चों को सुरक्षा देने के मामले में अपनी विफलताओं को स्वीकार करने पर मजबूर किया जा रहा है।''

एक हालिया शोध से पता चलता है कि जहां किशोरों को सोशल मीडिया पर खतरे का सामना करना पड़ता है, वहीं उन्हें साथियों का समर्थन भी मिलता है, खासकर सीधे संदेश के माध्यम से। शोध के दौरान ऐसे कदमों की पहचान की गयी जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी ऑनलाइन गोपनीयता और स्वायत्तता की सुरक्षा के लिए भी उठा सकते हैं।

### बच्चों को क्या झेलना पड़ रहा है?

सोशल मीडिया पर किशोरों के लिए जोखिमों की व्यापकता अच्छी तरह से स्थापित है। ये जोखिम उत्पीड़न और धमकाने से लेकर खराब मानसिक स्वास्थ्य और यौन शोषण तक हैं। जांच से पता चला है कि मेटा जैसी कंपनियों को पता है कि उनके



प्लेटफ़ॉर्म मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को बढ़ाते हैं, जिससे युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को अमेरिकी सर्जन जनरल की प्राथमिकताओं में से एक बनाने में मदद मिलती है। अधिकांश किशोर ऑनलाइन सुरक्षा अनुसंधान सर्वेक्षण जैसे स्व-रिपोर्ट किए गए डेटा से होते हैं। युवाओं की वास्तविक दुनिया की निजी बातचीत और ऑनलाइन जोखिमों पर उनके दृष्टिकोण की अधिक जांच की आवश्यकता है। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए, युवाओं की इंस्टाग्राम गतिविधि का एक बड़ा डेटासेट एकत्र किया गया जिसमें 70 लाख से अधिक प्रत्यक्ष संदेश शामिल थे। इस डेटासेट का उपयोग करते हुए, पाया गया कि दैनिक जीवन से लेकर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं तक के मुद्दों पर समर्थन चाहने वाले युवाओं के लिए सीधी बातचीत महत्वपूर्ण हो सकती है। खोज से पता चलता है कि इन चैनलों का उपयोग युवा लोगों द्वारा अपनी सार्वजनिक बातचीत पर अधिक गहराई से चर्चा करने के लिए किया जाता था। सेटिंग्स में आपसी विश्वास के आधार पर, किशोरों ने मदद माँगना सुरक्षित महसूस किया। शोध से पता चलता है कि ऑनलाइन बातचीत की गोपनीयता युवाओं की ऑनलाइन सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और साथ ही इन प्लेटफार्मों पर काफी मात्रा में हानिकारक बातचीत निजी संदेशों के रूप में आती है। डेटासेट में उपयोगकर्ताओं द्वारा चिह्नित असुरक्षित संदेशों में उत्पीड़न, यौन संदेश, यौन आग्रह, नग्नता, अश्लील साहित्य, घृणास्पद भाषण और अवैध गतिविधियों की बिक्री या प्रचार शामिल है।

हालाँकि, किशोरों के लिए ऑनलाइन जोखिमों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए स्वचालित तकनीक का उपयोग करना अधिक कठिन हो गया है क्योंकि प्लेटफ़ॉर्म पर उपयोगकर्ता की गोपनीयता की रक्षा करने का दबाव डाला गया है। उदाहरण के लिए, मेटा ने अपने प्लेटफ़ॉर्म पर सभी संदेशों के लिए एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन लागू किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संदेश सामग्री सुरक्षित है और केवल बातचीत में भाग लेने वाले ही उस तक पहुंच सकते हैं।

इसके अलावा, मेटा ने आत्महत्या और खाने के विकार से संबंधित सामग्री को रोकने के लिए जो कदम उठाए हैं, वह उस सामग्री को सार्वजनिक पोस्ट से दूर रखता है, भले ही किसी किशोर के दोस्त ने उसे पोस्ट किया हो। इसके अलावा, मेटा की सामग्री रणनीति किशोरों द्वारा ऑनलाइन की जाने वाली निजी बातचीत में असुरक्षित बातचीत को संबोधित नहीं करती है।

### संतुलन बनाना

ऐसे में मुख्य चुनौती युवा उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता पर हमला किए बिना उनकी सुरक्षा करना है। इस उद्देश्य से, यह पता लगाने के लिए एक अध्ययन किया गया कि हम असुरक्षित संदेशों का पता लगाने के लिए न्यूनतम डेटा का उपयोग कैसे कर सकते हैं। शोधकर्ता यह समझना चाहते थे कि जोखिम भरी बातचीत की विभिन्न विशेषताएं या मेटाडेटा जैसे बातचीत की लंबाई, औसत प्रतिक्रिया समय और बातचीत में भाग लेने वालों के रिश्ते इन जोखिमों का पता लगाने वाले मशीन लर्निंग कार्यक्रमों में कैसे योगदान दे सकते हैं। उदाहरण के लिए, पिछले शोध से पता चला है कि जोखिम भरी बातचीत छोटी और एकतरफा होती है, जैसे कि जब अजनबी बातचीत में अवांछित रूप से आगे बढ़ते हैं।

शोधकर्ताओं ने पाया कि मशीन लर्निंग प्रोग्राम 87त्न मामलों में बातचीत के लिए केवल मेटाडेटा का उपयोग करके असुरक्षित बातचीत की पहचान करने में सक्षम था। हालाँकि, जोखिम के प्रकार और गंभीरता की पहचान करने के लिए बातचीत के पाठ, छवियों और वीडियो का विश्लेषण करना सबसे प्रभावी तरीका है। ये परिणाम असुरक्षित वार्तालापों को अलग करने के लिए मेटाडेटा के महत्व पर प्रकाश डालते हैं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जोखिम पहचान को डिजाइन करने के लिए प्लेटफार्मों के लिए दिशानिर्देश के रूप में उपयोग किया जा सकता है। प्लेटफ़ॉर्म उस सामग्री को स्कैन किए बिना हानिकारक सामग्री को ब्लॉक करने के लिए मेटाडेटा जैसी उच्च-स्तरीय सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, एक लगातार उत्पीड़क जिससे एक युवा बचना चाहता है, मेटाडेटा बनाएगा- असंबद्ध उपयोगकर्ताओं के बीच बार-बार, संक्षिप्त, एकतरफा संचार- जिसका उपयोग एआई सिस्टम उत्पीड़क को रोकने के लिए कर सकता है।

आदर्श रूप से, युवा लोगों और उनकी देखभाल करने वालों को एन्क्रिप्शन, जोखिम का पता लगाने या दोनों को चालू करने में सक्षम होने का विकल्प दिया जाएगा ताकि वे अपने लिए गोपनीयता और सुरक्षा को लेकर सही विकल्प का चयन कर सकें।

## व्यंग्य: भाषण से कम हो रहा प्रदूषण

कई दिन पहले एक लेख पढ़ा जिसमें स्पष्ट लिखा था, भाषण से कम नहीं होगा प्रदूषण। लेकिन मुझे लगता है कि भाषण से काफी कम हो जाता है प्रदूषण। यह जाना बूझा स्थापित सत्य है कि भाषण से और भी काफी कुछ कम होता रहा है और होता रहेगा। यह सौभाग्य है कि वातावरण और पर्यावरण के प्रदूषण में बिना कोशिशों के कमी आ रही है। फर्क सिर्फ सोच का है कि इसे कैसे समझें। दुनिया भर में नई, आरामदायक, शानदार जगहों पर सम्मलेन आयोजित किए जा रहे हैं। प्रदूषण कम करने और पर्यावरण संरक्षण को लेकर चिंता जताई जा रही है। इन नेक कारनामों से प्रदूषण कम होता ही है।

पिछले कई दशकों से यही हो रहा है कि भाषण देने से प्रदूषण कम हो रहा है। दूषित पर्यावरण के कारण आई आपदाओं पर आधारित बनी फिल्मों का मज़ा विकसित देशों में खूब लिया जाता है। उसे फिल्म की तरह देखा जाता है। उसमें दिए संजीदा संदेश को, पॉप कॉर्न की तरह खाकर, ऊपर से संतुष्टि का कोल्ड ड्रिंक पीकर, कचरा और बढ़ा दिया जाता है। सब जानते हैं ज़िंदगी एक बार मिली है और प्रलय ने आना ही है। हम सब कम सुविधाओं वाली नई दुनिया का इंतज़ार कर रहे हैं जिसमें बचे खुचे बढ़िया नागरिक हों। आदरणीय, पराक्रमी ईश्वर का नैसर्गिक कर्तव्य है कि पृथ्वी पर मनुष्यों की दुष्टता और शक्तिशाली देशों के नेताओं के भाषणों और खोखले दस्तावेजों पर आधारित योजनाओं से नाराज़ होकर प्रलय लाएं।

प्रशंसनीय है कि विकसित देश स्वार्थी कोशिशों में सफल होने के साथ प्रदूषण कम कर रहे हैं। अमीरी भी एक चीज़ होती है जो सबके पास नहीं होती। एक प्रसिद्ध संस्था यूएनओ है जिसके वक्ता कहते हैं कि अरबों लोग नियमित रूप से घातक हवा में सांस ले रहे हैं। उनका जीवन व स्वास्थ्य जोखिम भरा है। यह तो अच्छा है इस बहाने उनकी सहनशक्ति बढ़ रही है। वैसे भी अगर मरे तो कम साधन वाले ही मरेंगे। साधन तो बच जाएंगे न। सुख देने वाली बात यह है कि स्वास्थ्य समस्याएं झेलते हुए अरबों लोग जीते रहते हैं और मरने में बहुत साल लगाते हैं। कुछ सर्वे दिमाग खराब कर देते हैं। कभी कहते हैं एक घंटे में उतने लोग मरे, दूसरा सर्वे कहेगा एक मिनट में इतने मरे। इतनी सुंदर, सुविधायुक्त गाड़ियों के ऋण, गलियों में आवाजें देकर बांटे जा रहे हैं। वे कहते हैं गाड़ियों की बढ़ती संख्या के कारण प्रदूषण और सांस सम्बन्धी बीमारियां पनप रही हैं। कहते हैं, यह कटु सत्य है कि वाहनों का धुंआ ज़हरीला होता है। जब नई गाड़ी में सन या मून स्क्रीन लगा हो तो किसे फुरसत होती है। धुंध या धुएं में फंसा चांद या सूरज देखकर बंदा कवि होना चाहेगा या प्रदूषण कार्यकर्ता। लेखों और भाषणों में शरीर को ऑक्सीजन नहीं, नुकसान पहुंचाने वाली गैसों के इतने लंबे और समझ न आने वाले नाम बताते हैं कि बंदा बैलगाड़ी को ही यात्रा हेतु उपयुक्त मानने लगे। शानदार, जानलेवा लुक वाली गाड़ियां, क़र्ज़ लेने वालों का दिल चुरा लेती हैं और वे कहते हैं कि सार्वजनिक यातायात सुधरना चाहिए। यह सच मान लेने में हर्ज़ नहीं कि भाषण से प्रदूषण तुरंत कम हो जाता है।

**-संतोष उत्सुक**

# प्रदेश का मुख्यमंत्री ही कर रहा है विधायक के विशेषाधिकार का हन्न : विधायक

Faridabad/Alive News

विधानसभा सत्र में एनआईटी क्षेत्र से कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि उनकी एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के गांव खेडी गुजरान में राजकीय महाविद्यालय स्थित है। कालेज के प्रधानाचार्य ने अपने पत्र क्रमांक 20 09 फरवरी 2021 को मुझे पत्र के माध्यम से महाविद्यालय में ऑडिटोरियम एंव टीचिंग ब्लॉक की स्थापना के लिए अनुरोध किया था जिसको लेकर मेरे द्धारा 09 फरवरी 2021 को पत्र क्रमांक 134 के द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग से मांग करी थी कि कॉलेज में ऑडिटोरियम एंव टीचिंग ब्लॉक की स्थापना की जाए। संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग ने अपने पत्र क्रमांक 160001/13/20231 25/02/2021 के द्वारा मुख्य वास्तुकला अधिकारी हरियाणा से राजकीय कॉलेज खेड़ी गुजरान में ऑडिटोरियम एंव टीचिंग ब्लॉक ड्राइंग बनाने के लिए कहा था। इसके उपरांत



वास्तुकला विभाग हरियाणा ने अपने पत्र क्रमांक 2273 08/03/2021 को कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग फरीदाबाद से कॉलेज जमीन के संदर्भ में कुछ जानकारी मांगी थी।

वास्तुकला विभाग हरियाणा ने अपने पत्र क्रमांक 6602 16/07/2021 के द्धारा अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग हरियाणा को खेड़ी गुजरान राजकीय कॉलेज में ऑडिटोरियम एवं टीचिंग ब्लॉक की स्थापना के लिए रिपोर्ट बनाकर आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित की थी। अधीक्षक अभियंता गुरुग्राम लोक निर्माण विभाग हरियाणा ने अपने पत्र क्रमांक 60832 11/04/2022 के द्धारा इंजीनियर इन चीफ लोक निर्माण विभाग हरियाणा को 1982.84 लाख रुपए की अनुमति के लिए पत्र लिखा था। इसके उपरांत मेरे द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग हरियाणा को जल्द से जल्द खेड़ी गुजरान राजकीय कॉलेज में ऑडिटोरियम एवं टीचिंग ब्लॉक के कार्य शुरू करने के लिए लिखा था।

विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि मै खेड़ी गुजरान राजकीय कॉलेज में ऑडिटोरियम एवं टीचिंग ब्लॉक की स्थापना के लिए निरंतर लगातार वर्ष 2021 से प्रयासरत हूँ और इसके निर्माण को लेकर कई बार मै अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग, अतिरिक्त मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग, मुख्य वास्तुकला अधिकारी हरियाणा, उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जी एंव अन्य अधिकारियों से निरंतर मिल रहा हूँ। विधायक नीरज शर्मा के द्वारा पत्रकारों को बताया गया कि जैसा कि मुझे ज्ञात हुआ है 24 जनवरी आज मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा ऑनलाइन इसका शिलान्यास किया जा रहा है और शिलान्यास पट्ट पर उनका नाम अंकित नहीं है जबकि लोक निर्माण विभाग द्वारा जो शिलान्यास पट्ट की अनुमति मांगी गई थी उसपर मेरा नाम था लेकिन मुख्यमंत्री जी द्वारा उसको कटवा दिया गया। इसी से पता चलता है कि जब एक प्रदेश का मुखिया ही एक विधायक का विशेषाधिकार का हनन करेगा तो प्रदेश के अधिकारी तो क्या ही करेंगे। शिलान्यास पट्ट से मेरा नाम हटाना मेरा नही मेरी विधानसभा के लाखो लोगो का अपमान है। मुख्यमंत्री एक तरफ नारा देते है सबका साथ सबका विकास और दूसरी तरफ विपक्ष के विधायकों की विधानसभा में किसी कार्य का शिलान्यास किया जाता है तो उस पर से नाम हटवा दिया जाता है। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि सरकार के खिलाफ कफन पहना है उसी कारण से मुख्यमंत्री जी द्वारा ऐसा कार्य किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर सबको मिलेंगी मुफ्त बिजली : धर्मवीर भड़ाना



Faridabad/Alive News

नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट एवं लॉयर्स जस्टिस फॉर्म के सहयोग से श्री राम लला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर कंबल वितरण एवं भंडारे प्रसाद का आयोजन एनआईटी फरीदाबाद क्षेत्र में किया गया। इस अवसर पर विषेश अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक दशरथ चौरसिया ने आए हुए विशेष अतिथि सहित सभी अतिथियों का पटका पहनाकर व स्मृति भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी और यहां के निवासियों को पंजाब एवं दिल्ली की तर्ज पर सारी सुविधाएं चाहे वह पानी की हो बिजली की या शिक्षा की एवं स्वास्थ्य के मुफ्त में प्रदान की जाएंगी। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारी समेत आम आदमी पार्टी जिला सचिव मेहरचंद हरसाना एवं आम आदमी पार्टी की दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जनता नोन एनर्जी चार्ज के नाम पर बिजली विभाग की चल रही लूट का करें पुरजोर विरोध : धर्मवीर भड़ाना



Faridabad/Alive News

आज आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना व उनकी टीम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के बिलों में नॉन एनर्जी चार्ज के नाम पर चल रही लूट का खुलासा करते हुए जनता से इसका पुरजोर विरोध करने की अपील की है।

आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने बताया कि पहले तो सरकार ने आनन-फानन नई तकनीक के मीटर बदलकर भोली भाली जनता को बेवकूफ बनाया, अब अपने बिलों में नॉन एनर्जी चार्ज के नाम पर 1000 से लेकर 1500 तो रुपए के चार्ज जिनका कोई नाम नहीं है लगाकर भेज रही है।

धर्मवीर भड़ाना ने यह भी कहा कि अगर जल्द ही इस लूट को ना रोका गया तो आम आदमी पार्टी जिले के स्श्व कार्यालय के बाहर बड़ा विरोध प्रदर्शन करेगी, इस कांफ्रेंस में जिला सचिव मेहरचंद हरसाना प्रदेश के प्रवक्ता नरेश शर्मा, राम गौर ,राजा भैया, सचिन चौधरी, सत्येंद्र शर्मा, सुभाष बघेल, सतपाल पांचाल सतपाल सतपाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एसबीआई की लोन ब्रांच का हुआ शुभारंभ



Faridabad/Alive News

वीरवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की नीलम चौक स्थित ब्रांच के फस्ट फ्लोर पर लोन (आरएसीपीसी) ब्रांच का शुभारंभ बैंक के नई दिल्ली सर्कल के चीफ जनरल मैनेजर कलपेश कुमार अवासिया ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर उनके साथ जनरल मैनेजर डीएस रावत ,जीएम दीपेश राज, जीएम नीलेश द्विवेदी, जीएम राजेश कुमार पटेल उपस्थित रहे। चीफ गेस्ट के पहुंचने पर डिप्टी जनरल मैनेजर अंजना टंडन और असिस्टेंट जनरल मैनेजर आरएसीपीसी दिव्या त्रिपाठी ने बुके भेट कर स्वागत किया। सीजीएम कल्पेश कुमार अवासिया ने सभी जीएम और मैनेजर के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित किया।

इस मौके पर कल्पेश कुमार ने कहा कि हमारा उद्देशय इस ब्रांच के माध्यम से अपने ग्राहको को सुविधा देना है। हालांकि यह लोन ब्रांच पहले सेक्टर 16 में थी उसको शिफ्ट करके ग्राहकों की सुविधा के लिए नीलम चौक की मेन ब्रांच की फस्ट फ्लोर पर खोला गया है ।

हमारा उद्देशय है कि फरीदाबाद के व्यवसायी, विद्यार्थी और व्हीकल खरीदने वाले लोगों को लोन ब्रांच पर पहुंचने में आसानी हो और व्यापारी समय समय पर आने वाली लोन की स्किम के बारे में भीब्रांच से आसानी से संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर एसबीआई ब्रांचऔर आरएसीपीसी की ब्रांचो के क्रमचारी मौजूद रहे ।

### आशीर्वाद स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

Faridabad/Alive News

एसजीएम नगर स्थित आशीर्वाद पब्लिक हाई स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में स्कूल की चेयरपर्सन साध्वी श्रीदेवी पहुंची और उन्होंने ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर उनके साथ स्कूल की डायरेक्टर अंशु सिंह रही। स्कूल की प्रिंसिपल ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। अध्यापकों ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान और अधिकारों के प्रति जागरूक किया। स्कूल की डायरेक्टर अंशु सिंह ने संविधान दिवस पर अध्यापकों और विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। समारोह के अंत में विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया और राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।



## डायनेस्टी स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

Faridabad/Alive News

सेक्टर-28 के डायनेस्टी इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य नितिन वर्मा, निदेशिका कल्पना वर्मा एवं सह-संयोजिका लिपिका के दिशा-निर्देशन में गणतंत्र दिवस के समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों ने सम्पृक्त गतिविधियों के तहत सहर्ष अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत,भाषण एवं नृत्य प्रस्तुत किये, जो अत्यंत भाव-विभोर कर देने वाले थे।

ऑफलाइन कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल के प्रधानाचार्य नितिन वर्मा एवं निदेशिका कल्पना वर्मा के द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के माध्यम से हुआ, जिसमें कक्षा छठी से




आठवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न कायर्क्रमों में अत्यंत उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कवितायें, भाषण एवं अद्भुत नृत्य प्रस्तुत किये।

इन कार्यक्रमों को प्रस्तुत करते समय विद्यार्थियों के चेहरे पर देशभक्ति के भाव सहज रूप से स्पष्ट दिखाई पड़ रहे थे। भारत के संविधान लागू होने के दिवस का गर्व प्रत्येक विद्यार्थी के मुखमण्डल पर सूर्य की चमक की भाँति सुशोभित हो रही थी

इसी देशभक्ति के भाव के साथ अत्यंत धूमधाम से गणतंत्र-दिवस समारोह संपन्न हुआ।

## डीएवी कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

Faridabad/Alive News

एनआईटी-3 स्थित डीएवी शताब्दी कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर बड़खल विधायक सीमा त्रिखा ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की । विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य पात्र मतदाताओं, विशेष रूप से नए मतदाताओं के नामांकन को प्रोत्साहित करना और अधिकतम करना है। पात्र जो 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके हैं।

इस दिन लोगों को मतदान के महत्व के बारे में शिक्षित करने और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान कार्यक्रम देश भर में विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य भागीदारी को बढ़ावा देना, जनजातीय जागरूकता और लोकतांत्रिक समाज में मतदान के



अधिकार का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहाकि युवाओं द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को धूम धाम, हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ा लोकतन्त्र है। जहां जनमत से ही सरकारें चुनी जाती है। उन्होंने कहा कि देश में हर क्षेत्र में तरक्की तो हुई है, लेकिन मतदाता उतना जागरूक नहीं है जितना उसे होना चाहिए। आपके वोट की वजह से ही भाजपा सरकार पूर्ण बहुमत से विजयी हुई और प्रधानमंत्री मोदी ने देश हित के लिए बड़े बड़े फैसले लिए।

बता दें कि 25 जनवरी 2011 से इन्ही उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। जिससे नागरिकों में निर्वाचकीय/मतदान केलिए जागरूकता पैदा हो और वोट के लिए प्रोत्साहित हों। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रश्नों के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान भी किया और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

## मॉडर्न स्कूल में भूतपूर्व छात्रों के लिए आयोजित किया गया मिलन समारोह

Faridabad/Alive News

सेक्टर 17 स्थित मॉडर्न स्कूल ने 26 जनवरी को अपने भूतपूर्व छात्रों का एक मिलन समारोह संयोजित किया । इस समारोह में 1986 से 2018 सत्र तक के छात्रों को आमंत्रित किया गया था।

इस अवसर पर लगभग 400 छात्रों ने सपरिवार पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर आए हुए समस्त छात्र-छात्राओं का विद्यालय के द्वार पर तिलक तथा शॉल उढ़ाकर सम्मान किया गया। विद्यालय ने इस अवसर पर अपने भूतपूर्व अध्यापकों को भी आमंत्रित किया। इस अवसर पर स्कूल की भूतपूर्व छात्रा रीना बत्रा ने कविता के माध्यम से अपने भावों को व्यक्त किया। स्कूल के छात्रावास के छात्रों ने भी सुन्दर गीत प्रस्तुत कर के सभी का स्कूल आगमन पर हार्दिक स्वागत किया

इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल नीलिमा जैन ने अपने संबोधन में



कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य भूतपूर्व छात्रों को अपनी पुराने दिनों में लौटाने तथा स्कूल के साथ उनके संबंध को और प्रगाढ बनाना है। आज स्कूल में आए हुए समस्त छात्र छात्राओं का हार्दिक धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने हमारे इस प्रयास को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया है और मुझे आशा है ये सभी छात्र छात्राएं सदैव स्कूल के साथ जुड़े रहेंगे! विद्यालय ने सभी के मनोरंजन हेतु ÷ रागा राकर्स÷ बैंड के गायक गायिकाओं को विशेष रूप से आमन्त्रित किया था समारोह के अंत में सभी छात्रों को स्मृति चिह्न स्वरूप फोटो फ्रैम भेंट किया गया।

## हरियाणा राज्यपाल ने प्रधानमंत्री संग्रहालय का किया दौरा, देखकर हुए प्रभावित

Faridabad/Alive News

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुरूवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा किया। यहां डिजीटल रूप से संजोये गए तथ्यों को देखकर वे बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने कहा कि इस संग्रहालय में देश के 75 वर्ष के इतिहास को मात्र दो से तीन घण्टे में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को चाहिए कि वे अपने विद्यार्थियों को इस संग्रहालय का भ्रमण अवश्य करवाएं, इसमें विद्यार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी और ज्ञानवर्धक जानकारियां हैं।

दत्तात्रेय दिल्ली में प्रधानमंत्री संग्रहालय के अवलोकन के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री संग्रहालय के निर्माण के लिए विभिन्न



कमेटियों ने सराहनीय कार्य किया है। इसमें टैक्नॉलोजी और डिजीटलाईजेशन का अद्भुद काम किया गया है। ये प्राचीन नहीं दिखाई देता, बल्कि लगता है कि आज के आधुनिक युग का संग्रहालय है।

राज्यपाल ने कहा कि इस प्रधानमंत्री संग्रहालय में देश के पहले प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तक प्रत्येक प्रधानमंत्री के कार्यकाल में कब क्या-क्या व कौनसी घटनाएं घटित हुई, उन सभी एतिहासिक घटनाओं को डिजीटल रूप से संजोया और प्रदर्शित किया गया है।

संग्रहालय के पहले भवन में स्वतंत्रता के समय भारत, संविधान के निर्माण, भारत गणराज्य की स्थापना, लोकतांत्रिक भारत, संवैधनिक संशोधन, नेहरू गैलरी, भारत-चीन युद्ध आदि की जानकारियां डिजीटल रूप से प्रदर्शित की गई है। वहीं नवनिर्मित दूसरे भवन में देश के सभी प्रधानमंत्रियों की फोटो के साथ उनकी कार्य अवधि, टाइम मशीन जहां पर वर्चुअल तरीके से बदलते भारत की तस्वीर देख सकते हैं और भारत के अतीत को जान सकते है। इसी में अनुभूति शीर्षक वाले कक्ष में अब तक रहे देश के किसी भी प्रधानमंत्री के साथ सेल्फी, चहलकदमी कर सकते हैं। यहां पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्रियों द्वारा दिए गए भाषणों को सुन और देख सकते हैं।

## प्रशासन दलबल के साथ मैरिज बैंक्विट हॉल तोड़ने पहुंचा, विरोध के बाद बेरंग लोटा

Faridabad/Alive News

सूरजकुंड रोड स्थित बने हुए फार्म हाउस को तोड़ने पहुंची प्रशासन की टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा। दरअसल, नगर निगम टीम और पुलिस प्रशासन सूरजकुंड रोड स्थित बने हुए मैरिज बैंक्विट हॉल पर पीला पंजा चलाने के लिए पूरे दलबल के साथ पहुंचा था लेकिन बड़खल विधानसभा से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ चुके कांग्रेस के नेता विजय प्रताप सिंह के साथ वेंकट हॉल के सभी मालिकों ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि या तो पुलिस उनको गिरफ्तार कर ले या फिर सरकार अपने नीतियों को बदलने का काम करें। इन बैंकट हॉल से चलने वाले हजारों घरों को रोजगार मिलता है।

कांग्रेस विजय प्रताप ने कहा कि सरकार अपनी नीतियों को बदलने का काम करें या फिर उनको समय की मोहलत दे। विजय प्रताप सिंह ने कहा कि पिछले कई सालों से सुप्रीम कोर्ट में फोरेस्ट की एक याचिका विचाराधीन है , हरियाणा में सन 1996 में 2022



तक के लिए शर्तो के साथ काफी एरिया फोरेस्ट में दे दिया गया था, जिन लोगों की मालिकाना जमीन है उनका यह कहना है कि 2022 हो गए ,हमारा एरिया फोरेस्ट से बाहर निकाला जाए। लेकिन उसके बावजूद भी इस एरिये को फोरेस्ट से बाहर नहीं निकाला गया है सरकार को निकालने पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है ।

सरकार पहले अपनी नीति स्पष्ट करे और फोरेस्ट एरिया को मेनटेन रखे , हरियाणा सरकार के पास बहुत सा बंजारा एरिया है जिसको फोरेस्ट बनाए जाने की गुंजाइस है, इस एरिया में ज्यादातर आबादी है मैरिज गार्डन है लोगों को रोजगार मिल रहा है हजारों लोग गुजाराबरस कर रहे है और जब तक मैरिज चल रही तब तक रोक लगाई जाए। उसके बाद सरकार अपनी नीति को सुप्रीम कोर्ट में स्पष्ट करें । क्योंकि सरकार के ऊपर सुप्रीम कोर्ट न छोड़ा है सरकार चहेगी तक तो यह एरिया निकल जाएगें ,बदले में दूसरा एरिया दे दिए जाएगे। लोगों यहां तक भी तैयार हैं बदले में फोरेस्ट के लिए जमीन खरीद कर देगे और फोरेस्ट भी लगा देंगे। क्योंकि सब जीवन यापन कर रहे है बच्चे यहां पल रहे हजारों लाखों लोगों का रोजगार है ऐसा भी नहीं है कि बहुत ज्यादा कमा रहे हैं इस ग्राऊण्ड पर सरकार को अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए लोगों ने अपने कनवर्जन चार्ज भी जमा कर रखें हैं। कोरपोरेशन में भी जमा कर रखे है और एंजेसी उसमें पैसा जमा कर रखा है। सभी सरकार से अनुरोध कर है नीति स्पष्ट होने तक हमें राहत दें।

Haryana News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## संक्षिप्त समाचार

### 44 भक्तों का मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन हुआ संपन्न



**Faridabad/Alive News**

श्री सिद्धदाता आश्रम के 44 भक्त आज मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन के बाद आश्रम लौटे और श्री गुरु महाराज का धन्यवाद कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इनको मोतियाबिंद की जांच के बाद रोटरी क्लब फरीदाबाद के सहयोग से पलवल स्थित एबल अस्पताल ले जाया गया था। जहां निशुल्क ऑपरेशन किया गया।

इस अवसर पर स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने सभी को आंखों के नए जीवन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि परमात्मा के दिए इस जीवन में हर अंग का विशेष महत्व है। इनमें भी आंखें हमें इस दुनिया से परिचित करवाती हैं और हमारे दैनिक कार्यों को सरल बनाती हैं लेकिन मोतियाबिंद जैसी बीमारी आंखों को छीन लेती है और व्यक्ति दूसरों पर निर्भर हो जाता है। उन्होंने भक्तों से कहा कि अपनी सेहत के प्रति सभी को जागरुक रहना चाहिए जिससे किसी भी प्रकार के रोग को शुरु में ही इलाज करवाकर दूर किया जा सके। इसके लिए नियमित स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए।

आश्रम में हर रविवार को विशेषज्ञ चिकित्सक शिविर में लोगों की जांच करते हैं। जिनका लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर रोटरी क्लब फरीदाबाद के प्रेजिडेंट अमरजीत सिंह नारंग व एबल अस्पताल के चैयरमेन प्रेम कुमार खुल्लर जी ने सभी सभी मरीजों को आंखों के नए जीवन के लिए बधाई दी। बता दें कि 13 जनवरी को आश्रम में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में मोतियाबिंद पाए जाने के बाद इन लोगों को ऑपरेशन के लिए ले जाया गया था।

### 44 भक्तों का मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन हुआ संपन्न




**Faridabad/Alive News**

कैंसर के मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है ऐसे में यह लोगों के लिए चिंताजनक विषय बना हुआ है। देखा जाए तो 20 से 40 वर्ष की उम्र के लोग बीमारी के शिकार हो रहे हैं। सरकारी अस्पताल में इलाज की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण मरीजों की परेशानी बढ़ रही है। पिछले कई साल में कैंसर के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। नागरिक अस्पताल के मुताबिक, युवाओं में मुंह, गले और जीभ के कैंसर की बीमारी तेजी से बढ़ रही है। 25 से 40 वर्ष आयु वर्ग में मुंह से संबंधित कैंसर के मरीज अधिक पाए जा रहे हैं। मुंह से संबंधित कैंसर का मुख्य कारण तंबाकू, गुटखा चबाने, धूम्रपान और शराब का सेवन करना होता है। फरीदाबाद के बीके अस्पताल में भी केवल जांच और कीमोथेरेपी की जाती है। इसके अतिरिक्त इलाज के लिए मरीजों को दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) या फिर निजी अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है । वहीं, कुछ लोग निजी अस्पतालों में उपचाराधीन हैं। कैंसर के बढ़ते मरीजों को देखते हुए लोगों ने नागरिक अस्पताल में कैंसर वार्ड बनाने की मांग की है।

### छोटूराम जयंती पर प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया जायेगा पुरस्कार

**Faridabad/Alive News**

छोटू राम जयंती पर 11 फरवरी को हरियाणा शिक्षा बोर्ड एवं केंद्रीय शिक्षा बोर्ड के दसवीं क्लास के जिले के उन सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित करेगा जिन छात्र-छात्राओं ने अपने स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं।

यह जानकारी देते हुए जाट समाज के महासचिव एच.एस. मलिक ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐसे प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को जाट समाज ने सम्मानित करने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि हालांकि सभी निजी तथा सरकारी स्कूलों के प्रबंधकों, मुख्य अध्यापकों तथा मैनेजमेंट के पदाधिकारी को सूचित कर दिया है ।

उन्होंने आग्रह किया कि यदि फिर भी कोई स्कूल अपने छात्र छात्राओं का नामांकन करने में रह गया है तो वह 2 फरवरी तक अपने छात्र छात्राओं के नाम किसान भवन सेक्टर-16 फरीदाबाद के कार्यालय में दर्ज करा दें।

उन्होंने बताया कि नामांकन दर्ज कराते समय छात्र या छात्रा का आधार कार्ड, दसवीं क्लास की मार्कशीट की फोटो कापी तथा स्कूल के मुखिया की ओर से लेटर पैड पर लिखकर भेज दें, ताकि जाट समाज संस्था उनके अनुमोदन को स्वीकार कर सके।

## अनंगपुर में बादामी इंटरनेशनल स्कूल का हुआ शुभारम्भ

**Faridabad/Alive News**

मंगलवार को अनंगपुर गांव में बादामी इंटरनेशनल स्कूल का शुभारम्भ हुआ। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बड़खल विधायक सीमा त्रिखा, विधायक राजेश नागर और निवर्तमान पार्षद सोमलता भड़ाना ने शिरकत की।

स्कूल का उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा और रिबन काटकर किया गया। बादामी इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष फूलचंद भड़ाना ने विधायक राजेश नागर का पगड़ी पहनाकर स्वगत किया। सुदेश भड़ाना (डायरेक्टर प्रिंसिपल) ने विधायक सीमा त्रिखा और सोमलता भड़ाना का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

इस उद्घाटन समारोह की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर



विधायक राजेश नागर ने स्कूल में बनाए गए राम मंदिर का भी उद्घाटन किया। विधायक ने स्कूल के उद्घाटन पर अध्यक्ष फूलचंद भड़ाना और सोमलता भड़ाना सहित अन्य लोगों को बधाई दी।

## मुक्केबाज तनीषा लांबा ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में लगाया स्वर्णिम पंच

**Faridabad/Alive News**

सेक्टर 12 स्पोर्ट्स कंपलेक्स में स्थित द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब की बॉक्सर तनीषा लंबा ने 19 जनवरी से 23 जनवरी तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी,जालंधर में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता । ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी 52 से 54 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मैच में तनीषा लांबा ने गुरु काशी विश्वविद्यालय की तनु को 3 - 2 स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक हासिल कर ,23 फरवरी से 28 फरवरी तक गुवाहाटी में होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब की नेहा व तनीषा लांबा ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स गुवाहाटी के लिए क्वालीफाई किया है तथा हर्ष नगर, कृष कंबोज, करण सिंह सेन, दीप



**तनीषा लांबा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत सारे पदक हासिल किए हैं व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए 2021 मे जॉर्डन में हुई एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीतकर भारत देश का नाम रोशन किया था।**

तेवतिया ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, सिक्किम के लिए क्वालीफाई किया है।

तनीषा लांबा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत सारे पदक हासिल किए हैं व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए 2021 मे जॉर्डन में हुई एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीतकर भारत देश का नाम रोशन किया था।

द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब की स्थापना ओलंपियन व अर्जुन अवॉर्डी हरियाणा पुलिस में कार्यगर्त डीएसपी जय भगवान वह अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर डॉ राजीव गोदारा के द्वारा 2013 में की गई थी व इस क्लब ने हर्ष गिल, अनुपमा, हिम्मत सिंह, हर्ष गहलोत, हर्ष शर्मा, तनीषा लांबा, माही सिवाच, अमनदीप जैसे कई अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर निकाले हैं, तथा इसी क्लब के बच्चे हरियाणा पुलिस, रेलवे तथा आर्मी मे गवर्नमेंट जॉब में कार्यगर्त हैं। इन्हीं अचीवमेंट्स को देखते हुए हरियाणा सरकार के द्वारा द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब को सरकारी खेल नर्सरी दी गई और इसी नर्सरी के कई बच्चे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फरीदाबाद जिले का नाम रोशन कर चुके हैं।

## प्राइवेट स्कूल के बच्चों को बोर्ड एग्जाम से वंचित रखने की कोशिश कर रही है सरकार : डॉ. सुशील गुप्ता

**Faridabad/Alive News**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने सोमवार को खट्टर सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार की शिक्षा विरोधी नीति के कारण प्रदेश के प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले 60 हजार बच्चों का भविष्य दांव पर लग गया है। उन्हें फरवरी माह में होने वाली परीक्षाओं से वंचित रखा जा रहा है। सरकार की बेसिरपैर की योजनाएं के चलते निजी स्कूलों के छात्र छात्राएँ मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकारी स्कूल मर्जर के नाम पर बंद किये जा रहे हैं। दूसरी तरफ सरकार प्राइवेट स्कूल के बच्चों को भी बोर्ड की परिक्षाएं देने से वंचित रखने की



कोशिश कर रही है। परीक्षा के आवेदन के लिए सिर्फ तीन दिन बचे हैं, जबकि अभी तक दसवीं और बारहवीं की परीक्षा के फॉर्म भी नहीं भरे गए हैं। हरियाणा प्रदेश के अस्थाई मान्यता प्राप्त निजी स्कूल शिक्षा विभाग के बॉन्ड राशि के चक्कर में फंस गए हैं। इससे लगभग 60 हजार बच्चों के अभिभावक व बच्चे असमंजस की स्थिति में हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा शिक्षा बोर्ड ने सभी कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं को शेड्यूल जारी कर दिया है वहीं दूसरी ओर इन स्कूलों के बच्चे अभी तक परीक्षा फॉर्म तक भी नहीं भर पाए हैं। इस कारण बच्चे और अभिभावक भी मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। वहीं शिक्षा विभाग बॉन्ड राशि के नाम पर स्कूलों को ब्लैकमेल कर रहा है। शिक्षा मंत्री पहले परीक्षा देने की हामी भर अब अपनी बात से पलट गये हैं और निजी स्कूलों पर परीक्षा नहीं देने का दबाव बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षा को लेकर खट्टर सरकार की कोई भी नीति नजर नहीं आ रही है। सरकारी स्कूलों की हालत तो पहले से ही खस्ता है। सरकारी स्कूलों ने शिक्षकों के साथ बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी टोटा है। अब खट्टर सरकार छोटे प्राइवेट स्कूलों को भी बंद करने की कोशिश कर रही है। जहां गरीबों के बच्चे पढ़ते हैं।

उन्होंने कहा कि हम सरकार की गरीब विरोधी नीति और शिक्षा विरोधी नीति का पुरजोर विरोध करते हैं। एक तरफ तो दिल्ली में गरीब से गरीब व्यक्ति का बच्चा विश्व स्तरीय और मुफ्त शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। वहीं गरीब घर के बच्चे बड़े-बड़े एग्जाम लेकर आईआईटी आईआईएम में जा रहे हैं। पंजाब में भी शिक्षा विभाग का कायाकल्प किया जा रहा है। दूसरी तरफ हरियाणा सरकार ने अपना शिक्षा बजट 11त्न घटा दिया है। वहीं दूसरी तरफ पंजाब सरकार ने अपना शिक्षा का खर्च 12त्न बढ़ा दिया है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ हरियाणा सरकार बच्चों को अनपढ़ रखना चाहती है। वहीं आम आदमी पार्टी आपके बच्चों को पढ़ा लिखा कर आगे बढ़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी मांग करती है कि इन सभी बच्चों को जल्द से जल्द एडमिशन कार्ड दिए जाएं और बोर्ड की परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाए। सरकार पोर्टल-पोर्टल का खेल खेलना बंद करें और तुरंत प्रभाव से एक नोटिफिकेशन जारी करके इन सब बच्चों को बोर्ड परीक्षा में बैठने का अवसर दे।

## राजकीय महाविद्यालय के अंतर्जिला विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने जीते पुरस्कार

**Faridabad/Alive News**

राजकीय महिला महाविद्यालय में 29 व 30 जनवरी 2024 को अंतर्जिला विज्ञान प्रदर्शनी 2024 का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में पलवल तथा फ़रीदाबाद के लगभग 14 अलग-अलग महाविद्यालय से विद्यार्थियों ने विज्ञान के विभिन्न आयामों जैसे जूलोजी, बोटनई, रसायन विज्ञान, भौतिकी, ज्योग्रफ़ी व कम्प्यूटर आदि विषयओं में अपने मॉडल प्रस्तुत किए। इस प्रदर्शनी की मुख्य अतिथि ष्टस्ढ्ढक्र-ह्रढ्ढस्ष्टक्र की डायरेक्टर डॉ. रंजना अग्रवाल रही तथा उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भारत की वैज्ञानिक विरासत को समझते हुए भविष्य में विज्ञान को पढने तथा समझने के लिए प्रेरित किया।

अंतिम परिणामों में पं. जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फ़रीदाबाद ने जूलोजी और मनोविज्ञान सेक्शन में अपने मॉडल ÷.ढ्ढ. इन हेल्थकेयर÷ तथा ÷स्ट्रेस मैनेजमेंट÷ में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया और हिसार में 05 और 06 फ़रवरी को होने वाली राज्यस्तरीय प्रदर्शनी के लिए क्वालीफ़ाई किया। इसके अतिरिक्त




महाविद्यालय ने रसायन विज्ञान में भी तक्त्तीय पुरस्कार प्राप्त किया। महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर प्राचार्या डॉ. रुचिरा खुल्लर ने विद्यार्थियों को बधाई दी तथा राज्यस्तरीय प्रदर्शनी के लिए शुभकामनाएं दीं ।

मॉडल को बनाने और विद्यार्थियों को गाइड करने में महाविद्यालय के विभिन्न प्रोफ़ेसर जैसे डॉ. शालिनी मल्होत्रा, डॉ. अनुराधा, डॉ. विवेक आनन्द, डॉ. मर्यादा गर्ग, डॉ. सुरेश, डॉ. निशा तेवतिया, डॉ. कंचन जामिर, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, डॉ. प्रियंका पराशर व डॉ. ललिता चौधरी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे ।

## बहाल की जाए रेल टिकट में सीनियर सिटीजन को मिलने वाली छूट, मानव सेवा समिति ने प्रधानमंत्री से लगाई गुहार

**Faridabad/Alive News**

संसद में एक फरवरी को पूर्ण बजट से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लेखानुदान पेश कर सकती हैं। हालांकि लेखानुदान नई सरकार के गठन तक सरकारी मशीनरी को चलाने के लिए पेश किया जाता है। फिर भी चुनावी साल होने की वजह से लोगों को लोकलुभावन घोषणाओं व बुजुर्गों को रेल टिकट में पहले मिल रही रियायत को पुनः बहाल करने की उम्मीद जगी है।

पहले रेलवे में सीनियर सिटिजन्स को लगभग आधे दाम पर टिकट मिलते थे, लेकिन कोविड-19 के बाद से सरकार ने इस व्यवस्था को खत्म कर दिया। इसको लेकर सीनियर सिटिजन्स और देशवासियों की तरफ से हर समय मांग की जाती रही है। मानव सेवा समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाई है कि वे रेल टिकट में सीनियर सिटीजन को पहले मिलती आ रही छूट को पुनः बहाल करके सीनियर सिटीजन को रेल द्वारा भारत भ्रमण व धार्मिक स्थानों का देखने का पुनः अवसर प्रदान करें।

समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, सीनियर सिटीजन व चेयरमैन महिला मंडल उषाकिरण शर्मा ने प्रधानमंत्री को याद दिलाया है कि रेल संबंधी संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष राधामोहन सिंह ने भी संसद में पेश रिपोर्ट में सीनियर सिटीजन को रेल टिकट में मिलती आ रही छूट को बहाल करने की सिफारिश की है।

## भाजपा ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में की लोकतंत्र की हत्या : हरेंद्र भाटी

**Faridabad/Alive News**

चंडीगढ़ में मेयर चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की गई धांधली को आम आदमी पार्टी के नेताओं ने लोकतंत्र के लिए खतरा बताया है। फरीदाबाद के सेक्टर-11 स्थित जिला कार्यालय पर पत्रकार वार्ता के दौरान लोकसभा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष हरेंद्र भाटी, प्रदेश सह -सचिव राकेश भड़ाना, प्रदेश सह -सचिव प्रवेश मेहता,प्रदेश सचिव लीगल विंग्स दिनेश भारद्वाज,ब्लॉक प्रधान चौधरी चन्द्र पाल, ओबीसी जिलि उपाध्यक्ष देवराज गौर, रवि भड़ाना आदि ने कहा कि भाजपा की बेईमानी वीडियो में कैप्चर हो गई है।

जबरदस्ती मेयर बनाना पूरी तरह से गलत है। मसला यह नहीं कि मेयर किसका बनना चाहिए, चुनावों मे हार जीत लगी रहती है, कभी वो जीतते है तो कभी हम, परंतु देश नहीं हारना चाहिए, देश जरूरी है। जनतंत्र नहीं हारना चाहिए, पार्टिया आती जाती रहती है, मेयर आते जाते रहते है। उन्होंने कहा कि दो साल बाद चंडीगढ़ में चुनाव हुए जिसमें 13 आम आदमी पार्टी के पार्षद, सात कांग्रेस के और 15 भाजपा प्लस एक अकाली दल शामिल थे।

इंडिया गठबंधन होने के चलते कांग्रेस और आम आदमी पार्टी साथ हो गए, जिस हिसाब से 20 उनके पार्षद हो गए और 16 भाजपा के, इसके बावजूद भाजपा ने सभी मर्यादाओं का हनन करके अपना मेयर बना दिया। उन्होंने कहा कि आज मेयर के चुनाव में तो ये लोग रंगे हाथों पकड़े गए, ये वीडियो सामने आ गया। अभी तक देश में ना जाने कितने चुनावों में इन्होंने इस कस्मि के फज़ीवाड़े किए होंगे, ना जाने कितने चुनाव इस तरह बेईमानी से जीते होंगे? चंडीगढ़ मेयर चुनाव में दिन दहाड़े बेईमानी करके भाजपा को जिता दिया गया। देश के लोकतंत्र के लिए ये गुंडागर्दी बेहद ख़तरनाक है।

## सुरेश चंद्र को सर्वसम्मति से एचपीएससी का प्रदेशाध्यक्ष किया गया नियुक्त

**Faridabad/Alive News**

एक निजी होटल में हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल एंड कॉन्फ्रेंस (एचपीएससी) द्वारा एडुविजन 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा प्रोगेसिव स्कूल एंड कॉन्फ्रेंस की प्रदेश कार्यकारिणी की भी बैठक हुई। कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से सुरेश चंद्र को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एस.एस गोसाईं को एचपीएसई का संरक्षक नियुक्त किया गया।

एचपीएससी के प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ सुमित वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम एडुविजन 2024 से पहले प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से सुरेश चंद्र




को प्रदेशाध्यक्ष चुना गया। वही निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष एस.एस गोसाईं को एचपीएसई का संरक्षक नियुक्त किया गया। डॉ सुमित वर्मा ने




जानकारी देते हुए बताया कि एडुविजन 2024 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पहुंचे। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चंद्र ने कहा कि जिस निष्ठा से फरीदाबाद जिले में रहते हुए प्रदेश भर के सभी स्कूलों के साथ काम किया है, वह सराहनीय रहा है। सुरेश चंद्र ने सभी स्कूल प्रिंसिपल और प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों का उन पर विश्वास जताने और उन्हें प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपने पर धन्यवाद किया।

कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के सेक्रेटरी संजय कुमार, एनसीईआरटी के चेयरमैन प्रोफेसर दिनेश सकलानी, केंद्रीय शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट विभाग के नेशनल लीडर नारायण रमा स्वामी, एचसीएल टैक्स के एजुकेटिव वॉइस प्रेसिडेंट संजय घोष, सीबीएसई सेक्रेटरी हिमांशु गुप्ता, हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के चेयरमैन वी.पी यादव सहित अलग-अलग राज्यों तथा हरियाणा के अलग-अलग जिलों के स्कूल प्रिंसिपल मौजूद रहे।

‘अलाईव न्यूज’ के शानदार 13 साल पूरे होने की सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं।

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@gmail.com
website: www.alivenews.co.in










Chetan Baghel
Director


Puran Baghel
Director

‘अलाईव न्यूज’ के शानदार 13 साल पूरे होने की सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं।

# Jai Hind Auto Tech Industries

(Run by Raj Group of Industries)

**Mfg. of : All Kind of Plastic & Rubber Components**

Reg. Off. : Plot No. 59, Sanjay Enclave, Gali No. 2, Near Arjun Gim, NIT Faridabad
Work Off. : Plot No. 24C, TATA Vendor Part, IIE, SIIDCUL, Pantnagar, Rudrapur, Uttrakhand
Email : jaihindautotechindustries@gmail.com, Website : rajgroupindustries.com

# MEDICHECK GROUP OF HOSPITALS

Faridabad Location:- Sector-46 | NIT-1 | Charmwood Village






Dr. R.S. Verma
Chairman
Medicheck Group of Hospitals

Dr. Sunil Raina
Sr. Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon

Dr. Sumit Verma
Internal Medicine

Dr. Ranjeeta Gupta
Sr. Consultant Obs., Gynae and Fertility Specialist

- Medicheck Multispeciality Hospital
- Medicheck Ortho Superspeciality Hospital
- Medicheck IVF & Fertility Hospital
- Medicheck Clinics & Diagnostics

On Panel BSNL, ECHS, CGHS, PSU,
Ayushman Bharat and Cashless
Mediclaim Card Facility

www.medicheckhospitals.in
Emergency No. 80-10-800-100, 200

‘अलाईव न्यूज’ के शानदार 13 साल पूरे होने की सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं।



# T.R. GENERATORS

DEALS IN

**5KVA TO 300 KVA**

All Types Diesel Engine Repairing
Hire, Sale & Purchase

Works : Jeewan Nagar, Part-II, Near Baba Balaknath
Dharm Kanta, Sohna Road, Faridabad
Email : tilak011@gmail.com. www.trgenerators.in

# ADMISSION OPEN
# FOR SESSION 2024-25




# SENIOR SHREERAM MODEL HIGH SCHOOL

**(Affiliated to C.B.S.E. Delhi upto 10+2 Sr. Sec. Level)**

**Salient Features :**

OUR MAIN ARES OF EMPHASIS ARE :
- Commitment on creating an environment for the child to learn for learning.
- Drawing out the creative potentials for the child.
- Development an analytical mind.
- Enhancing self-esteem of the child.
- Making learning an enjoyable experience.
- Child centered approach of learning.
- Right attitude and behavior to develop positive, creative thinking.
- To help students to imbue in them the habits of discipline, obedience, courtesy, mutual help, corporation and respect for elders.
- Concessions to meritorious students of weaker sections.
- Hobbies to develop interest and aptitudes.

“ School Is The Light House of Society
Every Child Is Potentially The Light of The World”
“ Soaring High is My Nature”

THE NEW Era NEED THE FOLLOWING HUMAN QUALITIES

60 FEET ROAD, JAWAHAR COLONY, N.I.T. FARIDABAD, M. : 9250737444
E-mail : sshreerammodelschool12@rocketmail.com

Dr. Amrita Jyoti
Chairperson

Gurpreet Kur
Director

